Live हिन्दुस्तान .com

सीतापुर में 50 लाख से अधिक की नकली देशी शराब बरामद- VIDEO

हिन्दुस्तान संवाद,सीतापुर

Last updated: Fri, 16 Mar 2018 10:27 AM

रामकोट थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव के आशू नामक व्यक्ति के मकान में बुधवार को 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य की नकली देशी शराब बरामद की गई। इसे फाइटर ब्राण्ड के लेबल चिपका कर जनपद के अलावा गैरजनपदों में भी सप्लाई किया जा रहा था। मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। मधवापुर निवासी अरविंद शुक्ल, रजत शुक्त व रस्यौरा के राकेश मिश्र को पुलिस ने गिरफ्त में लिया है।

बाकायदा बना था तहखाना : मुखबिर की सूचना पर सीओ सिटी लोकेंद्र सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ गांव के आशू के हालनुमा मकान पर धावा बोला। हाल में 25 पेटियां रखी थीं। इसी बीच उनकी नजर हाल में ताजी मिट्टी पर पड़ गई। उन्होंने लात से मिट्टी को हटाया तो नीचे पिट कवर निकला। पिट कवर खोलते ही नीचे तहखाना निकला। इसमें हजारों नकली शराब की पेटियां भरी मिलीं।

बोरियों में भरे थे ढक्कन, होलोग्राम व रैपर : तहखाने से निकली पेटियों की शीशियां सादी थीं। उन पर न तो रैपर था और न ही होलोग्राम। मौत के सौदागर सादी शीशियों पर फाइटर ब्राण्ड का लेबल व होलोग्राम लगाकर सप्लाई करते थे। इससे पहले भी शहर में एक प्रिंटिंग प्रेस पर भारी मात्रा में तमाम तरह के ब्राण्ड के रैपर मिल चुके हैं। लगभग दो साल पूर्व भी रामकोट पुलिस ने आशू के मकान पर धावा बोलकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की थी।

अवैध शराब का पुराना कारोबारी है आशू : रामकोट थानाक्षेत्र के मधवापुर गांव में आशू के मकान के रोड साइड हिस्से में बनी दुकान में देशी शराब का ठेका चलता है। ठेका अजिजावन मीरनगर, जिला हरदोई निवासी खुशीराम पुत्र शिवपाल के नाम है। कार्रवाई के दौरान इस ठेके का भी निरीक्षण किया गया। बताते चलें कि लगभग दो साल पूर्व भी रामकोट पुलिस ने आशू के मकान पर धावा बोलकर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की थी। जिले की मिश्रिख तहसील क्षेत्र में नकली शराब की फैक्ट्री चलने की चर्चा आम है।

रिफलिंग रामकोट में, सूचना खैराबाद थानेदार को : हरियाणा की शराब बड़े पैमाने पर जिले में खप रही है। इस बात की भनक रामकोट एसओ की नहीं है। यह बात कुछ गले से नहीं उतर रही है। अलबत्ता पूरे घटनाक्रम की जानकारी थानाध्यक्ष खैराबाद सचिन सिंह को मिली। पता तब चला जब खैराबाद इलाके से पैकिंग करने के लिए मजदूर मधवापुर गांव ले जाए गए। उन्हीं में से एक ने गांव पहुंच कर तीन दिन पूर्व नशे की हालत में हंगामा किया। गांव से खबर थानेदार तक पहुंची और इसी के बाद मामला कड़ी दर कड़ी खुलासे की ओर बढ़ता चला गया।

बताते हैं कि सुबह से ही सादी वर्दी में खैराबाद थाने के सिपाही इलाके में घूम रहे थे। पक्की खबर के बाद दबिश देकर वारदात का खुलासा किया गया।

अभियान चलाएंगे

अवैध शराब कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा। शराब दुकानों के व्यवस्थापन की वजह से पिछले काफी दिनों से व्यस्तता चल रही है। इसी का फायदा नकली कारोबारियों ने उठाया है। जल्द ही जिले भर में अभियान चलाया जाएगा। काले कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

-सुनील दुबे, जिला आबकारी अधिकारी

Video Url : https://www.youtube.com/watch?v=DWpbTJvI3t8&feature=youtu.be

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-50-lakh-fake-country-liquor-recovered-in-sitapur-1852230.html